मूल्य : एक रुपया

www.kay2steel.com

# स्टील टाइम्स

APRIL, 2017

KAY2 STEEL LIMITED की गृह पत्रिका, वर्ष–1, अंक–04

E mail: info@kay2steel.com     follow us on



# नई संभावनाएं नया दृष्टिकोण

एक नयी सुबह ने भारत के वित्तीय विकास को प्रज्वलित किया, और इसके अंतर्गत केंद्रीय वित्त मंत्रालय के नीतिगत ढांचे में सुधार विचारों को प्रस्तुत किया गया। वित्त मंत्री ने विमुद्रीकरण/डीमोनेटाईजेशन के संभावित सकारात्मक और नकारात्मक परिणामों के फलस्वरूप भारतीय वित्त विकास को आगे बढाने के रास्ते सुझाते हुए इस वर्ष का बजट पेश किया। इस साल, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर अधिक जोर दिया जा रहा है, जिसके बाद स्टील की मांग में वृद्धि होगी। इसी के साथ, देश के घरेलू इस्पात निर्माताओं के हितों की पूर्ति होने की पूरी संभावना है।

वर्तमान युग में तेजी से देश के उन्नति पटल पर खुद को कायम कर रही KAY2 टीएमटी अफोर्डेबल कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति सुनिश्चित करके वर्तमान परिदृश्य से लाभ प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी के जरिये भारत में वह अपना मार्किट शेयर बढाती जा रही है। कंपनी ने सफलता के नए क्षितिज की ओर बढ़ते हुए नए यूनिट्स बनाये हैं जिनमे गोवा और भिवाड़ी आदि शामिल हैं। KAY2 स्टील लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल कहते हैं, **''सबसे पहले, मैं सभी व्यवसाय सहयोगियों, सेल्स प्रमोटरों को शुक्रिया अदा करना चाहता हूं कि बाजार में दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत के जरिए KAY2 स्टील लिमिटेड की मांग को बनाए रखने के लिए प्रयासरत रहे। मैं भारत में निर्माण उद्योग के लिए नए रास्ते खोलने के लिए अपनी सरकार को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। नए बजट के अनुसार, बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए 3.96 ट्रिलियन रूपये का रिकॉर्ड आवंटन होने की संभावना है। इसके तहत बंदरगाहों, सड़कों और अन्य क्षेत्रों जैसे किफायती आवास, भौतिक बुनियादी ढांचे जैसे रीन्फोर्समेंट स्ट्रक्चर्स पर फोकस करने से स्टील सेक्टर के विकास के लक्ष्य को पूरा करने के लिए आवश्यक गति मिलेगी और निश्चित तौर से KAY2 टीएमटी को इसका पूरा फायदा मिलेगा। हम हर अवसर का बखूबी लाभ उठाने के लिए प्रयत्नरत हैं।''**

उन्होंने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा, ''KAY2 स्टील लिमिटेड अगले दो या तीन वर्षों में उत्पादन को दोगुना करने के लिए विविध और उच्च मांगों को पूरा करने की ओर अग्रसर है। हमेशा की तरह, हमारा टारगेट सबसे बेहतर गुणवत्ता वाले इस्पात उत्पादों का निर्माण करना है और साथ ही अपने काम में उत्कृष्टता बनाए रखने और कम्पलीट कस्टमर सेटिसफैक्शन प्रदान करने पर पूरा ध्यान दिया जाएगा।''

कंपनी ने नए वित्तीय वर्ष में सरकार द्वारा प्रस्तावित हर अवसर का उपयोग करने की योजना है ताकि नए लक्ष्य निर्धारित किये जा सकें और नवीन इस्पात उत्पादों के लिए बाजार में नई मांगें पैदा हो सकें। उत्पादों के व्यवहारकुशल प्रबंधन के साथ विकास प्रक्रिया का भी तालमेल रखना होगा जिससे असीमित संभावनाओं के दौर में कंपनी एक आदर्श के रूप में उभर सके।



# KAY2 टीएमटी ने पंजाब में संपन्न किया उपभोक्ता जागरूकता प्रोग्राम

## मेसन मीट के तहत किया गया आयोजन

KAY2 स्टील लिमिटेड के उत्कृष्ट उत्पादों के लिए देश भर में जानी जाती है और इन उत्पादों की सबसे खास बात है उच्च गुणवत्ता के साथ साथ अफोर्डेबल होना। कंस्ट्रक्शन जगत में दिन प्रतिदिन हो रहे नए बदलावों और आविष्कारी उत्पादों की बढ़ती मांग के कारण देश में स्टील मैन्युफैक्चरर्स के लिए नए द्वार खुले हैं।

नवीन तकनीक को जमीनी स्तर पर लोगों तक पहुँचाने के लिए नित नए प्रयास करने पड़ते हैं। इन्हीं प्रयासों के तहत KAY2 टीएमटी ने पंजाब में मेसन मीट का आयोजन किया जिसके अंतर्गत उपभोक्ता जागरूकता प्रोग्राम संपन्न हुआ जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस मेसन मीट में संगरूर से मेसर्स गणेश आयरन स्टोर, एरिया ऑफिसर पुनीत कपिल, डिस्ट्रीब्यूटर श्री मोहित सिंगला, सुनील सिंगला और क्वालिटी कंट्रोलर श्री संजय शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इस मेसन मीट का उद्देश्य जमीनी स्तर पर कंस्ट्रक्शन से जुड़े लोगों, जैसे कांट्रेक्टर, मेसन, कारीगर आदि को नए तकनीक व उत्पादों से अवगत कराना था।

# राजस्थान में हुआ KAY2 टीएमटी की मेसन मीट का आयोजन



इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र नित नई संभावनाओं का क्षेत्र है। विकासशील देशों में इस्पात इंडस्ट्री बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान रखती है क्योंकि देश की इकॉनमी का बड़ा हिस्सा इस पर निर्भर करता है। KAY2 टीएमटी देश की नामी इस्पात कंपनियों में से एक है। किफायती कीमत पर उत्कृष्ट उत्पाद बनाना कंपनी की खासियत होने के साथ साथ एक कार्यप्रणाली का हिस्सा भी है।

इसी के तहत KAY2 टीएमटी ने राजस्थान में 21 फरवरी 2017 को एक मेसन मीट का आयोजन किया जिसमें 65 से भी ज्यादा मेसन के साथ साथ कंस्ट्रक्शन जगत के लोग भी सम्मिलित हुए। यह मेसन मीट मेसर्स बालाजी इंटरप्राइजेज, अजमेर जिले के विजयनगर में संपन्न हुई। इस मीट में डिस्ट्रीब्यूटर श्री दिलीप मित्तल और श्री मधुर गर्ग, डीलर श्री मनीष गोयल के साथ श्री सुरेश भारद्वाज, श्री नीरज शर्मा व क्वालिटी चेक डिपार्टमेंट से श्री मनोज कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# KAY2 टीएमटी का कंज्यूमर अवेयरनेस प्रोग्राम हरियाणा के रतिया में हुआ संपन्न

भारतीय बाजार में स्टील की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए इस्पात कंपनियां अपना टारगेट निर्धारित करती हैं व समय समय पर उसमें बदलाव करती रहती हैं। देशभर में अपने बेहतरीन उत्पादों के लिए प्रसिद्ध, KAY2 स्टील लिमिटेड भी सफलता के नए आयामों को छू रही है और इनोवेशन करते हुए अपने उत्पादों की रेंज में इजाफा करती रहती है।

हाल ही में कंपनी ने हरियाणा के जिले फतेहाबाद में स्थित रतिया में उपभोक्ता जागरूकता प्रोग्राम (CAP) का आयोजन किया जिसमें लगभग 55 मेसन एकत्रित हुए। कंपनी की ओर से श्री सुशील पाण्डेय के साथ मेसर्स गणेश ट्रेडिंग कंपनी से डीलर श्री प्रदीप, डिस्ट्रीब्यूटर श्री राजीव गोयल व श्री दिली शर्मा उपस्थित रहे। 23 जनवरी 2017 को संपन्न हुए इस प्रोग्राम में इस्पात जगत से जुड़े नए उत्पाद व सामग्री के बारे में चर्चा हुई व उपस्थित लोगों को सही इस्पात इस्तेमाल करने के लिए जागरूक किया गया।



# दिल्ली में के2 टीएमटी की मेसन मीट का सफल आयोजन

KAY2 स्टील लिमिटेड भारत की अग्रणी इस्पात कंपनियों में शुमार एक बड़ा नाम है जो टीएमटी सरिया की मैन्युफैक्चरिंग, मार्केटिंग और सप्लाई से जुड़ा है। कंपनी की विशेषता है हर वर्ग के उपभोक्ताओं के लिए किफायती कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद बनाना। इसके लिए बड़े स्तर पर रिसर्च की जाती है व देश भर के बाजारों से इस्पात की मांग को समझा जाता है। इससे नए प्रोडक्ट को ग्राहक अनुकूल बनाने में मदद मिलती है।

अभी हाल ही में कंपनी की ओर से मेसर्स जय दुर्गा टिम्बर व आयरन स्टोर, नजफगढ़, दिल्ली में 3 मार्च 2017 को एक भव्य मेसन मीट का आयोजन किया गया जिसमें 120 से भी अधिक मेसन व अन्य लोग शामिल थे। डिस्ट्रीब्यूटर श्री अनिल शारदा के साथ साथ कंपनी की तरफ से श्री सुशील भारद्वाज, ए.जी.एम (मार्केटिंग), श्री अमित सिन्हा, सीनियर मेनेजर (मार्केटिंग), श्री राहुल सिंह, असिस्टेंट मेनेजर (मार्केटिंग) व श्री अभय वर्मा, एग्जीक्यूटिव (मार्केटिंग) शामिल थे।

इस मेसन मीट का अहम् उद्देश्य था मेसन बंधुओं को कंस्ट्रक्शन के नए तरीकों, सही इस्पात इस्तेमाल करने के लाभ, KAY2 स्टील की खासियतों से साथ साथ आज की जरूरतों के हिसाब से इस्पात जगत के नए आविष्कारों के बारे में बताना। साथ ही उनसे कंपनी के उत्पादों से जुड़े अनुभवों के बारे में चर्चा की गयी।



# Kay2 TMT organized a successful Engineers meet at Bidar, Telangana

Kay2 Steel Limited is the popular name in steel industry and is known for the quality range of its products which cater to the demands of various sections of the society. The success of the company largely depends upon the skills of their team and their pace to match the diverse demands of Indian market with innovational steel products.

Lately, Kay2 Steel Limited organized an Engineers Meet on 22nd February 2017. The meeting was held at Bidar in association with Telengana distributor Mr. Ankit Agarwal from M/s Ambica Ispat Pvt Ltd. Here, Mr. Dastagir Patel and Mr. Feroz Patel from M/s Patel Traders, Bidar were among the chief participants. There were around 45 engineers present in the meeting.

After a warm welcome of all, Mr. Anuj Tyagi began the meet with an introductory speech. The distributor of Kay2 Steel- Telangana, Mr. Ankit Agarwal and Mr. Mayank Srivastava, Senior Manager (Marketing) was presented a bouquet by the team. Both of them shared their thoughts about the company.

During the meeting, Mr. Niranjan Kumar described the characteristics and quality of Kay2 TMT and also detailed the engineers about the excellence of the product in comparison with other TMT bars in the market. In the meantime, video clips of Kay2 TMT were played so as to give a better understanding to the engineers about the product along with the vision and ambition of the company. The meeting was followed by a cocktail party and dinner where all the people exchanged some light moments and discussed about the bright future of steel industry.




Kay2 Knight



**श्री रचित चितलंगिया, डिस्ट्रीब्यूटर, मेसर्स सिद्धि विनायक इंटरप्राइजेज़**

सकारात्मक सोच के धनी, स्फूर्ति से सराबोर और ऊर्जावान युवा, रचित चितलंगिया, मेसर्स श्री सिद्धि विनायक इंटरप्राइज, गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, डूंगरपुर (राजस्थान) के डिस्ट्रीब्यूटर हैं और हमेशा ही अपने कर्मठ स्वभाव और फोकस्ड विजन के जरिये सफलता के नए आयाम छूने के लिए तत्पर रहते हैं। यही कारण है की वे बिजनस विस्तार के नए अवसरों के लिए सदा तैयार रहते हैं। अपने क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हुए KAY2 स्टील लिमिटेड से अपने जुड़ाव को विकास की संभावनाओं से भरा देखते हैं। के2 टीएमटी उनके जज़्बे और पॉजिटिव नज़रिए की सराहना करता है।

# ग्राहकों से मिली अद्भुत प्रतिक्रिया से और चमका

ROYALE AFFAIRE
Diamond Jewels by Ishita A Jain



रॉयल अफेयर डायमंड जेवेलरी की एक उत्कृष्ट ब्रांड के रूप में अपना नाम जमा चुका है और खुद को कम समय में ही बाजार में प्रतिष्ठित कर चुका है। यह रॉयल अफेयर की ओनर, इशिता ए. जैन, का एक महत्वाकांक्षी आईडिया है जिसके तहत वे एक बड़ी कस्टमर रेंज को किफायती डायमंड प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराना चाहती हैं। उनका कलात्मक नजरिया बेहद अनूठा है जिसमें वे अपने हर प्रोडक्ट की डिजाईन में एक इलीट स्टाइल को प्रदर्शित करती हैं।

बतौर इशिता ए. जैन, "आज के युग में व्यवसायी अपनी सफलता को टर्न ओवर से आंकते हैं पर हमारे लिए सैकड़ों कस्टमर्स का भरोसा ही सबसे बड़ा अचीवमेंट है। हमने इस विश्वास को पाने के लिए कड़ी मेहनत की है और हम इसी के जरिये और बड़े कस्टमर बेस के साथ जुड़ पायेंगे। एक पारदर्शी बिजनस मॉडल और कार्यशैली के चलते हम इस मुकाम को पाने की पुरजोर कोशिश करेंगे।''

रॉयल अफेयर की एक बड़ी प्रोडक्ट श्रृंखला है जिसमें डायमंड इयररिंग, नेकलेस, पेंडेंट, कंगन, ब्रेसलेट, रिंग, घड़ियाँ, सॉलिटेयर, कनवर्टिबल और पेंडेंट सेट आदि शामिल हैं। मुंबई स्थित जेवेलरी डिजाइनर ज्वेल इंडस्ट्री के तहत काफी रिसर्च करते हैं और भारत की क्लासिकल डिजाईन आर्ट में से भी आईडिया लेकर नयी व मॉडर्न डिजाईन इजाद करते हैं।

साथ ही, हीरों को कट, चमक और कैरट की कसौटी पर खरा आंका जाता है जिसके बाद इन्हें सोने, वाइट गोल्ड, प्रेशियस और सेमी-प्रेशियस स्टोन के साथ जोड़ कर जेवेलरी बनाई जाती है। हर एक उत्पाद को एक कठिन क्वालिटी प्रक्रिया के बाद ही ग्राहकों तक पहुँचाया जाता है। इसके साथ ही उन्हें एक सर्टिफिकेट भी दिया जाता है जिसमें हीरे का साइज, कीमत और क्वालिटी का ब्यौरा एवं सोने के हॉलमार्किंग का विवरण होता है।

रॉयल अफेयर का एकमात्र फोकस इस मिथ को तोड़ने पर है की डायमंड उत्पाद आम जनता के बजट के बाहर होते हैं। अपने तय किये गोल्स पर फोकस करते हुए और हर वर्ष नए आयाम छूते हुए, रॉयल अफेयर सफलता की नित नई ऊँचाइयों को हांसिल कर रहा है। कंपनी का उद्देश्य है ज्वेलरी ब्रांड्स के शीर्ष पर बैठे नामों में शुमार होना जिसके लिए पूरी टीम मेहनत से काम कर रही है।

